साथ ही यह भी निर्देशित किया जाता है कि मॉडल विद्यालयों के वे विद्यार्थी जो कि उक्तानुसार छूट प्राप्त होने पर केवल रिक्त सीटों के विरूद्ध आवेदन करते हैं, तो उपर्युक्तानुसार शिथिलन पश्चात् पात्र होने पर प्रवेश में उन्हें प्राथमिकता दी जावेगी। तत्पश्चात् अन्य विद्यार्थियों को प्रवेश दिये जा सकेंगे।

मॉडल विद्यालयों में प्रवेश हेतु प्रवेश नीति में संशोधन के अनुसार 'संबंधित ब्लॉक के विद्यार्थियों के स्थान पर सर्वप्रथम संबंधित ब्लॉक के ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों को प्राथमिकता से प्रवेश (संलग्न) दिया जावे। रिक्त सीट होने की स्थिति में शहरी परिक्षेत्र के विद्यार्थियों को प्रवेश दिया जा सकेगा।

अतः तद्नुसार पालना सुनिश्चित करावें।

संलग्न :— उपरोक्तनुसार

(सना सिद्दीकी)
अतिरिक्त राज्य परियोजना निदेशक–प्रथम

**प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :—**

1. निजी सहायक, राज्य परियोजना निदेशक एवं आयुक्त, रास्कूशिप, जयपुर।
2. निजी सहायक, अति. राज्य परियोजना निदेशक–प्रथम, रास्कूशिप, जयपुर।
3. मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, समस्त संबधित ब्लॉक्स को देकर लेख है कि उक्तानुसार कक्षा–11 में शत् प्रतिशत नामांकन लक्ष्य प्राप्त किया जावे।
4. संस्था प्रधान, स्वामी विवेकानन्द राजकीय मॉडल स्कूल, संबंधित ब्लॉक, उक्तानुसार प्रवेश संबंधी कार्यवाही कर कक्षा–11 में शत् प्रतिशत नामांकन लक्ष्य प्राप्त करें।
5. कार्यक्रम अधिकारी, समसा, संबंधित जिले।
6. रक्षित पत्रावली।

उपायुक्त–प्रथम

